तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या 04/2025 (2025/13) सुरजाराम बनाम राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार लूणी प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम	
02-7-2025	पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी सुरजाराम पुत्र हीराराम जाति पटेल निवासी ग्राम मोगड़ा कंला तहसील लूणी की सहखातेदारी भूमि ग्राम मोगड़ा कंला के ख़सरा नम्बर 386/8 में स्थित है। प्रार्थी का नाम त्रुटिवश सुरजाराम के स्थान पर भेराराम दर्ज कर दिया गया जो कि गलत है प्रार्थी का सही नाम भेराराम के स्थान पर सुरजाराम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। अप्रार्थी तहसीलदार लूणी को जांच रिपोर्ट हेतु तहरीर जारी की गई। तहसीलदार (भू.अ.) लूणी के पत्रांक/भू.अ./2025/1311 दिनांक 28.04.2025 के द्वारा जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई जो शामिल मिसल किया गया। तहसीलदार लूणी ने अपनी जांच रिपोर्ट में बताया कि ग्राम मोगड़ा कंला के खसरा नम्बर 386/8 रकबा 2.1044 हैक्टेयर में खातेदर भेराराम पुत्र हीराराम हिस्सा 1/5 जाति पटेल सा. देह वगैरा शेष बदस्तूर जमाबंदी दर्ज हैं। ग्राम मोगड़ा कंला के नामान्तरकरण संख्या 457 के जरिये हीराराम फौत के स्थान पर उनके वारिसान् का नाम दर्ज हुआ जिसमें भोमाराम पुत्र हीराराम दर्ज है। मूल नामान्तरकरण संख्या 457 की प्रतिलिपि में भेराराम पुत्र हीराराम की जगह भोमाराम पुत्र हीराराम दर्ज है। प्रार्थी द्वारा सुरजाराम पुत्र हीराराम का कोई पुख्ता प्रमाण दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः तहसीलदार लूणी की रिपोर्ट दिनांक 28.04.2025 के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम पोषणीय नही होने से खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, लूणी	